दिनांक : 30 .04.2045 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- पहलगाम मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की इस साल की पहली क़िस्त करेंगे वितरित।
- लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की स्मृति में 20 मई को मंत्रिपरिषद की बैठक इंदौर में होगी।
- अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती आज, प्रदेश में होंगे विभिन्न कार्यक्रम और सामूहिक विवाह।

समाचार विस्तार सेः-

पीएम-बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल नई दिल्ली में अपने आवास पर शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए। यह बैठक पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मामले पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। बाद में, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भी प्रधानमंत्री से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की।

कश्मीर सुरक्षा

जम्मू-कश्मीर में कश्मीर क्षेत्र में आने वाले सभी पर्यटकों और अन्य आगंतुकों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। पहलगाम, गुलमर्ग, सोनमर्ग, डल झील और मुगल गार्डन सहित कश्मीर के सभी प्रमुख पर्यटन स्थल पूरी तरह से खुले हैं। वहीं उज्जैन में महाकाल के दर्शन करने आए क्रिकेट खिलाड़ी हरभजन सिंह ने आतंकी हमले की निंदा की है। ....

बाइट-हरभजन सिंह

मुख्यमंत्री धार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आज धार जिले के उमरबन में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त का वितरण किया जायेगा। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत वर्ष में कुल 6 हजार रुपये की तीन समान किस्तों में राशि प्रदान की जाती है। डॉ. यादव मुख्यमंत्री कन्यादान सामूहिक विवाह आयोजन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव धार में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी करेंगे । क्षेत्र में अधोसंरचना जैसे सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य व पेयजल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े अनेक परियोजनाओं का भूमिपूजन और लोकार्पण भी किया जाएगा।

चार धाम यात्रा

अक्षय तृतीया के अवसर पर आज उत्तराखंड में चार धाम यात्रा की शुरुआत होगी। इस अवसर पर उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिरों के कपाट खोले जाएंगे। गंगोत्री के तीर्थ पुरोहित राजेश सेमवाल ने बताया कि आज सुबह साढ़े दस बजे पारंपरिक पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि यात्रा की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। ..

चारधाम यात्रा के उद्घाटन समारोह का आकाशवाणी से सीधा प्रसारण किया जाएगा। गंगोत्री धाम के कपाट खुलने का सीधा प्रसारण आज सुबह 10 से 11 बजे तक और यमुनोत्री धाम के खुलने का सीधा प्रसारण साढे ग्यारह से साढे बारह बजे तक होगा।

कैबिनेट इंदौर

लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की स्मृति में 20 मई को मंत्रि-परिषद की बैठक इंदौर के राजवाड़ा में होगी। इसमें होल्कर साम्राज्य की स्थापना करने वाले महाराज मल्हार राव होल्कर का भी स्मरण किया जाएगा। देवी अहिल्या बाई होल्कर के 300वें जन्म जयंती वर्ष का समापन 20 मई को हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मंत्रि-परिषद की अगली बैठक में जिला विकास सलाहकार समिति का प्रस्ताव लाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित इस समिति के उपाध्यक्ष स्थानीय प्रभारी मंत्री होंगे। इसमें चिकित्सा, विधि, इंजीनियरिंग, समाज सेवा, कृषि, उद्यानिकी, डेयरी, उद्योग सहित 20 से अधिक क्षेत्रों के विशेषज्ञों को जोड़ा जाएगा।

आंबेडकर मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का व्यक्तित्व बहुत महान और विराट था। वे सामाजिक एकता के प्रबल पक्षधर थे। डॉ. अंबेडकर केवल दलितों के ही नहीं, सभी वर्गों के मसीहा हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रवीन्द्र नाट्य गृह इन्दौर में डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान की जिला संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने जो संविधान लिखा वो केवल एक कानून का दस्तावेज नहीं होकर जीवन जीने की एक पद्धति है, जिसका सम्मान आज पूरी दुनिया में भी हो रहा है।

अक्षय तृतीया

आज अक्षय तृतीया है। आज के दिन कोई भी शुभ काम बिना मुहूर्त निकाले किया जा सकता है. आज बड़ी संख्या में विवाह भी होते हैं. पेश है

अक्षय तृतीया पर मुख्य रूप से देवी लक्ष्मी, भगवान विष्णु और कुबेर महाराज की उपासना की जाती है। अक्षय तृतीया पर ही सतयुग और त्रेतायुग की शुरुआत हुई थी। आज परशुराम जयंती भी हर्षोल्लास से मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परशुराम जयंती के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि शस्त्र कौशल और धार्मिक ग्रंथों के ज्ञाता भगवान परशुराम का आशीर्वाद सबके जीवन को उत्साह और शक्ति से भरपूर करे।

झाबुआ प्रथम

झाबुआ जिला 97 प्रतिशत से अधिक फॉर्मर रजिस्ट्री कर प्रदेश में प्रथम स्थान पर पहुंचा। जिले को दिए गए लक्ष्य 1 लाख 47 हजार फॉर्मर रजिस्ट्री के विरुद्ध लगभग 1 लाख 43 हजार पंजीकरण पूर्ण कर लिए गए हैं। कलेक्टर नेहा मीना ने बताया कि एग्रीस्टैक किसान रजिस्ट्री एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है जो किसानों को उनकी खेती से संबंधित जानकारी और सेवाओं तक पहुँच प्रदान करता है। यह प्लेटफ़ॉर्म किसानों को अपनी फसलों, जमीन और अन्य खेती से संबंधित जानकारी को डिजिटल रूप में संग्रहीत करने में मदद करता है।

आईपीएल

आईपीएल टी20 क्रिकेट में, आज शाम चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा। ये मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। वहीँ कल कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 14 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 204 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए, दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 190 रन बनाए।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर नगर निगम के स्वच्छता अभियान को सशक्त बनाने की दिशा में कदम उठाते हुए महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा आज राजवाड़ा परिसर से 100 इलेक्ट्रिक डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहनों का लोकार्पण किया जाएगा।
- भोपाल में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने कल प्रदेश कार्यालय में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत विचार गोष्ठी को संबोधित किया।
- सागर पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन में एक दिवसीय आपदा राहत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य जिले में आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी राहत कार्य सुनिश्चित करना रहा।
- शिवपुरी जिले में इस समय शादियों का दौर जारी है। इसी बीच जिले के पोहरी विकासखंड में दो जगह पर बाल विवाह के मामले सामने आए। हालांकि जिला प्रशासन परिवारों को समझाइश देकर बाल विवाह रुकवा दिए।
- मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 30 अप्रैल को पन्ना जिले के पवई विकासखंड के ग्राम बनौली, कुआंताल धाम में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जायेगा।
- छिन्दवाड़ा जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत 86 प्रतिशत हितग्राहियों के ई-केवायसी कार्य पूर्ण हो चुके है।